यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ईज़ 5.0 सुधार सूचकांक में दूसरा स्थान प्राप्त

मुंबई- 27 अप्रैल, 2024: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ईज़ 5.0 सुधार सूचकांक में दूसरा सर्वश्रेष्ठ बैंक घोषित किया गया है. इसके अलावा, बैंक को ईज़ 5.0 सुधार एजेंडे को निम्नलिखित तीन विषयों में विजेता घोषित किया गया है.

1. डिजिटल रूप से सक्षम ग्राहक पेशकश
2. आधुनिक प्रौद्योगिकी क्षमताएं
3. कर्मचारी विकास और गवर्नेंस

डॉ. विवेक जोशी, माननीय सचिव, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, ने दिनांक 25.04.2024 को मुंबई में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा आयोजित प्रशस्ति समारोह में बैंक को सम्मानित किया.

बेहतर पहुँच एवं सेवा उत्कृष्टता (ईज़) पीएसबी सुधार एजेंडा के हिस्से के रूप में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा एक पहल है. ईज़ 5.0 की प्रमुख प्राथमिकताएं डिजिटल रूप से सक्षम ग्राहक पेशकश, बिग डेटा और एनालिटिक्स, आधुनिक प्रौद्योगिकी क्षमताएं, सहयोगात्मक और विकास-केंद्रित बैंकिंग और कर्मचारी विकास और शासन रहीं.

सुधार उपायों और पहलों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को पिछले कुछ वर्षों में ईज़ सुधार सूचकांक में लगातार शीर्ष कार्यनिष्पादनकर्ताओं में स्थान दिया गया है.

(चित्र में श्री नितेश रंजन और श्री संजय रुद्र, कार्यपालक निदेशक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, डॉ. विवेक जोशी, माननीय सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, के करकमलों से पुरस्कार प्राप्त करते हुए दिखाई दे रहे हैं. चित्र में श्री प्रवीण शर्मा, सीजीएम और श्री अविनाश प्रभु, सीएफओ भी देखे गए.)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से जारी
महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संप्रेषण; टेली: 22892500; ईमेल: gm.ccd@unionbankofindia.bank
कॉर्पोरेट संप्रेषण, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400021

Classification: Public